हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, रविवार, 7 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 23.8 डिग्री
न्यूनतम 4.7 डिग्री



14 संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि



14 गंगवा के आवास पर आंगनबाड़ी महिलाओं का प्रदर्शन

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में तीन युवक घायल

**नारनौंद।** क्षेत्र के बास-पेटवाड़ रोड पर सड़क हादसे में जींद के तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद तीनों युवक ट्रैक्टर के नीचे फंस गए लेकिन ड्राइवर ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों व आसपास के लोगों ने घायलों को हांसी सिविल अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, जींद के गांव सेढ़ा माजरा निवासी विशाल, गौरव और साहिल मुंढ़ाल गांव में पीर की पूजा करने के लिए गए हुए थे। गुरुवार देर शाम वापस लौटते समय शिव ईंट भट्ठे के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक घायल हो गए।

### 16.30 ग्राम हेरोइन सहित तीन गिरफ्तार

**हिसार।** जिला पुलिस की ओर से नशा तस्करों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस ने तीन आरोपियों को काबू कर कुल 16.30 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल स्टाफ व सीआईए टीमों ने गुप्त सूचना के आधार पर विश्वकर्मा कॉलोनी में दबिश दी। मौके से दो व्यक्तियों को काबू किया गया, जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम विश्वकर्मा कॉलोनी निवासी कृष्ण कुमार एवं विनोद बताया। तलाशी के दौरान कृष्ण कुमार से 8.58 ग्राम व विनोद से 6.65 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### कैपरी गोल्ड लोन की नई शाखा का शुभारंभ कल

**हिसार।** गोल्ड लोन के क्षेत्र में विख्यात कंपनी कैपरी गोल्ड लोन की नई शाखा का शुभारंभ शहर में बस स्टेंड के नजदीक 8 दिसंबर को किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक रणधीर पनिहार मुख्य अतिथि होंगे और शाखा का उद्घाटन करेंगे। कैपरी गोल्ड लोन के एरिया मैनेजर अनिल कुमार ने बताया कि इससे पहले कैपरी लोन्स की दो शाखाएं हिसार में कार्य कर रही हैं।

### बीड़ बबरान धाम में संकीर्तन आज

**हिसार।** महाभारतकालीन प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में 7 दिसंबर को संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। संकीर्तन के लिए श्याम बाबा के दरबार को विशेष रूप से सजाया जाएगा। इस संकीर्तन में गायक व श्रद्धालु भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। संकीर्तन में पधारने वाले भक्तगण श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर मन्नत मांगेगे। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया 7 दिसंबर को सायं 4 बजे से सायं 7 बजे तक आयोजित होने वाले संकीर्तन में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंचेंगे और अपने इष्ट श्याम बाबा के समक्ष अर्जी लगाकर कष्टों के निवारण की कामना करेंगे।

## चरित्र पर संदेह के चलते पत्नी की गला दबाकर कर दी हत्या

# आरोपी ने खुद ही दी परिजनों व पुलिस को हत्या की सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले के सदर क्षेत्र के गांव डोभी में एक व्यक्ति ने चरित्र पर संदेह के चलते अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी ने उसका गला तब तक दबाए रखा, जब तक उसकी सांसें नहीं थम गई। इसके बाद आरोपी ने अपनी ससुराल और अपने माता-पिता को फोन कर इसकी सूचना दी। यही नहीं, आरोपी ने खुद ही डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को मौके पर बुलाया लेकिन जब तक पुलिस पहुंची, तब तक वह वहां से फरार हो गया। देर सायं पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

हत्या की सूचना के बाद पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। बाद में पुलिस ने लगभग 23 वर्षीय मोनिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। बताया जा रहा है कि आरोपी पति मांगेराम खेतीबाड़ी करता है। गांव डोभी से तेलनवाली रोड पर इनकी ढाणी है और ढाणी में ही उसे पत्नी की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि बताया जा रहा है कि आरोपी मांगेराम व मोनिका के बीच में काफी समय से घरेलू विवाद चल रहा था। इसी के चलते उनके बीच अक्सर झगड़ा रहता था। आरोपी अक्सर पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। इसी के चलते शनिवार सुबह फिर से उनके बीच झगड़ा हुआ। झगड़े के बीच उसने पत्नी का गला दबा दिया। आरोपी ने तब तक उसका गला नहीं छोड़ा, जब तक कि उसकी मौत नहीं हो गई।



हिसार। घटनास्थल, जहां महिला की हत्या की गई। फोटो : हरिभूमि

- दोनों के बीच में घरेलू विवाद चल रहा था



मृतका महिला मोनिका।

पत्नी की मौत होने की पुष्टि होने के बाद उसने अपने ससुराल वालों को और माता-पिता को फोन कर जानकारी दी। साथ ही डायल 112 पुलिस को भी खुद ही बुलाया। पुलिस के आने से पहले आरोपी मौके से फरार हो गया। महिला दो साल के बेटे की मां थी।सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की।

### पुलिस ने जांच शुरू की

बालसमंद पुलिस चौकी इंचार्ज शेषकरण ने बताया कि जांच के बाद ही हत्या के कारणों का सही पता चल पाएगा। पुलिस ने मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतका का मायका राजस्थान के चूरू जिले के दुमकी में है। बताया जा रहा है कि आरोपी का पिता रामकुमार अपनी पत्नी के साथ राजस्थान में पिछले एक सप्ताह से शादी समारोह में गया हुआ है। इसी बीच मौका देखकर सुबह आरोपी ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या की है।

### देर साम पकड़ा गया आरोपी

हालांकि घटना के बाद पुलिस व परिजनों को सूचना देकर पुलिस के आने से पहले ही आरोपी मांगेराम फरार हो गया। पुलिस मामले की छानबीन में ही जुटी थी। इसी दौरान पुलिस ने आरोपी मांगेराम को एक सूचना के आधार पर दबोच लिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्धा की मौत, हत्या का आरोप

- बेटी के अनुसार मां व भाई को प्रताड़ित करती थी भाभी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

जगदीश कालोनी में रहने वाली वृद्धा 75 वर्षीय फुलावंती की शुक्रवार रात को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। वृद्धा की बेटी ने अपनी मां की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच साक्ष्य एकत्रित कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

जहां रविवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। मृतका फुलावंती की बेटी सुनीता ने अपनी ही भाभी पर मां और भाई को प्रताड़ित करने के आरोप लगाते हुए कहा कि शुक्रवार रात करीब साढ़े 9 बजे तक वह अपनी मां के साथ फोन पर बात कर रही थी और तब वह बिल्कुल ठीक थी। मां से बात करने के बाद वह सो गई थी। सुबह करीब साढ़े चार बजे उसके पास भाई का फोन आया कि मां की मौत हो गई है। सूचना मिलने पर घर पहुंच कर देखा तो उसकी मां के चेहरे पर चोट के निशान थे और और खून से लथपथ उसकी मां को रजाई में लपेट कर चारपाई पर सुलाया हुआ था। सुनीता ने आरोप लगाया कि पिछले तीन साल से भाई की पत्नी ने मां और भाई को बहुत ज्यादा प्रताड़ित किया हुआ है।उन्होंने पुलिस से मां का पोस्टमार्टम करवाने तथा उसकी मौत का खुलासा किए जाने की मांग की है।

### शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा अस्पताल

शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सरबजीत सिंह ने बताया कि उन्हें शनिवार दोपहर बाद करीब साढ़े चार बजे वृद्धा की मौत के बारे में सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल स्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया है। उन्होंने बताया कि मृतका की बेटी सुनीता के बयान दर्ज कर रविवार को पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही वृद्धा की मौत के कारणों खुलासा हो पाएगा और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार ही आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## कानूनी साक्षरता कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाया उत्साह

**उकलाना मंडी।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय उकलाना में आयोजित कानूनी साक्षरता कार्यक्रम में खंड क्षेत्र के लगभग सभी सरकारी तथा निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, प्रस्तुति, नारा लेखन, चित्रकला, वाद-विवाद सहित लगभग दस विधाओं में अपनी प्रतिभा व जागरूकता का परिचय दिया। प्रतियोगिताओं में आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का प्रदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में कक्षा 12वीं की अंजलि, खुशी और अदिति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रस्तुति विधा में कक्षा 9वीं के आस्तिक ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत पुलिस ने कसा सिकंजा

- पुलिस ने नशीला पदार्थ लेकर जाने में प्रयुक्त डिजायर गाड़ी को कब्जे में लेकर आरोपी को न्यायालय में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

पुलिस जिला हांसी की ओर से अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए चलाई जा रही विशेष मुहिम ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत स्पेशल स्टाफ पुलिस ने घिराय गांव के समीप चानौत माइनर, पर कंहेड़ी निवासी अमन को 100 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने नशीला पदार्थ लेकर जाने में प्रयुक्त डिजायर गाड़ी को कब्जे में लेकर आरोपी को न्यायालय में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया। सीआईए टीम ने सट्टा खाईवाल कर रहे कृष्णा कालोनी निवासी मोहित को साढ़े 21 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार किया।



पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन।

सीआईए नारनौंद ने सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहे महेंदा व हाल दयाल सिंह कालोनी निवासी सुरेश को 4 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार किया। उधर, शहर व सदर थाना पुलिस अवैध देसी शराब की 21 बोतल व 100 पव्वे के साथ तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया तथा बास पुलिस ने एक व्यक्ति को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुए काबू कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य समाज में ऐसा सुरक्षित व शांतिपूर्ण वातावरण स्थापित करना है जहां आमजन भयमुक्त रहकर अपने कार्य, परिवार व व्यवसाय में संलग्न रह सकें।

# महाराजा अग्रसेन की परंपरा से समाज सशक्त

- अग्रसेन धर्मशाला के शिलान्यास समारोह में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा है कि अग्रवाल समाज हमारे देश का एक अग्रणी और प्रगतिशील समाज है। महाराजा अग्रसेन ने एक ईंट-एक रुपया जैसे ऐतिहासिक संकल्प के माध्यम से समाज में सहयोग, आपसी सहायता और सामूहिक विकास की नींव रखी। उनका उद्देश्य यह था कि समाज का हर व्यक्ति जरूरत के समय एक-दूसरे का साथ दे, ताकि किसी पर अतिरिक्त बोझ भी न पड़े और हर परिवार अपना घर, व्यापार और जीवन सम्मानपूर्वक आगे बढ़ा सके। मंत्री रणबीर गंगवा शनिवार को स्वामी सुंदरदास अग्रवाल सेवा सदन धर्मशाला में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों से को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने ऐच्छिक कोटे से धर्मशाला को 21 लाख रुपए देने की भी घोषणा की। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अग्रवाल समाज सदियों से सहयोग, सेवा और राष्ट्र निर्माण की अमूल्य परंपरा को आगे बढ़ाता आया है। महाराजा अग्रसेन की दूरदर्शिता और लोक कल्याण की सोच को आज भी समाज अपने जीवन में धारण किए हुए है, यही कारण है कि यह समाज देश की आर्थिक रीढ़ माना जाता है। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन का मानना था कि समाज तभी प्रगति करता है जब हर व्यक्ति दूसरे की मदद के लिए खड़ा हो।




बरवाला : अग्रवाल धर्मशाला का शिलान्यास करते कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बरवाला नगर परिषद चेयरमैन रमेश बैटरीवाला, एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, समाजसेवी नरेश गुप्ता, संस्था के अध्यक्ष संजीव गुप्ता, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू व सतबीर वर्मा, वरिष्ठ नेता मनीष गोयल, महेश शर्मा, देव कुमार शर्मा, नीलम जांगड़ा, एमसी मीनू शर्मा, ज्योति बंसल, मंडल अध्यक्ष मोनू संदूजा, पार्षद ओम प्रकाश मालिया, दिनेश सैनी, एडवोकेट विनोद बंसल, सुरेश गोयल, संजय सिंगला, सुमित सिंगला, जगविंदर सिंगला, विजेंद्र गुप्ता, रमेश सिंगला, राजा मेहता, राधेश्याम, जगरूप सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# लाडली वेलफेयर करेगा असमर्थ परिवारों की आठ कन्याओं का विवाह समारोह

- धूमधाम से आयोजित किया जाएगा सामूहिक विवाह समारोह : अनिल सिंगला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सेवार्थ कार्यों की मिसाल कायम करने वाले लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 14 दिसंबर को आयोजित किए जाने वाले सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। दिल्ली रोड स्थित सूर्या सेलिब्रेशन में भव्य सामूहिक विवाह समारोह दोपहर 12 बजे शुरू होगा और इसमें असमर्थ परिवारों की 8 कन्याओं का विवाह पूरे विधि-विधान से किया जाएगा। इस समारोह में नव युगल को आशीर्वाद देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों के समाजसेवी, अधिकारी, अधिवक्ता, राजनेता, चिकित्सक, व्यवसायी व अन्य कई प्रमुख हस्तियां पहुंचेंगी।



हिसार। सामूहिक विवाह समारोह के पत्रक का लोकार्पण करते लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी।

### सेवार्थ प्रकल्पों की विस्तार से चर्चा की

पत्रकार वार्ता के दौरान लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अनिल सिंगला मंगालीवाला ने ट्रस्ट के विभिन्न सेवार्थ प्रकल्पों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि हर वर्ष असमर्थ परिवारों की कन्याओं का विवाह लाडली ट्रस्ट द्वारा धूमधाम से करवाया जाता है। समाजसेवियों के सहयोग से बारात का स्वागत, भोजन व उपहारों की समुचित व्यवस्था करवाई जाती है। पत्रकार वार्ता के दौरान लाडली ट्रस्ट के प्रधान अनिल मीरकां, उपप्रधान वेदप्रकाश सिंगला, सचिव निर्मल गर्ग व कोषाध्यक्ष पवन जालंधरा एवं शिव मंदिर के प्रधान रमेश अग्रवाल, श्री श्याम सेवा परिवार के प्रधान सुरेंद्र बागड़ी, सुशील कुमार, प्रमोद गर्ग, सुमित व अतुल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



हिसार। अपना नामांकन वापस लेते पूर्व प्रधान सुरेंद्र लाहौरिया व आनंद प्रकाश गुप्ता।

### सुरेंद्र लाहौरिया व आनंद प्रकाश गुप्ता ने नामांकन लिया वापस

**हिसार।** श्री रामलीला कमेटी कटला की चुनावी हलचल के बीच पूर्व प्रधान सुरेंद्र लाहोरिया व समाजसेवी आनंद प्रकाश गुप्ता ने अपना नामांकन वापस ले लिया। पंचायती निर्णय व सर्वसम्मति का सम्मान करते हुए सुरेंद्र लाहौरिया ने विनोद गुप्ता के समर्थन में प्रधान पद से अपना नाम वापस लिया। इसी भांति आनंद प्रकाश गुप्ता ने ललित गोयल महासचिव पद के समर्थन में नाम वापस ले लिया। दोनों पदाधिकारियों ने रामलीला भवन कार्यालय में चुनाव अधिकारी डॉ. यशपाल सिंगला से मुलाकात करके अपने निर्णय से अवगत करवाया। श्री रामलीला कमेटी कटला के लिए 29 सदस्यों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन किए थे। 6 दिसंबर नामांकन वापस लेने की तिथि निर्धारित थी। इससे पूर्व 5 दिसंबर को समाजसेवी अंजनी खारियावाला, बजरंग दास गर्ग, नरेश मंगालीवाला, सतप्रकाश राजलीवाला व संजय गुप्ता ने विनोद गुप्ता को प्रधान व ललित गोयल को महासचिव नियुक्त करने के संदर्भ में सर्वसम्मति बनाई थी। पूर्व प्रधान सुरेंद्र लाहौरिया व आनंद प्रकाश गुप्ता ने पंचायत के निर्णय का सम्मान करते हुए विनोद गुप्ता व ललित मोहन को समर्थन देने का वादा किया और 6 दिसंबर को उस वादे को पूरा भी कर दिया।

**कार्यक्रम** पशुधन विकास की दिशा तय कर रही पशुपालन एवं डेयरी विभाग आधुनिक पहल

# वन हेल्थ और आधुनिक तकनीक से किसान समृद्धि की दिशा स्पष्ट : डॉ. सुखदेव राठी

'ब्रिजिंग साइंस एंड सोसाइटी: बायोटेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल वन हेल्थ' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लाला लाजपत राय पशु विज्ञान एवं पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के पशु जैव प्रौद्योगिकी विभाग, कॉलेज ऑफ वेटरिनरी साइंसेज़ की ओर से एसवीएसबीटी के 12वें वार्षिक अधिवेशन एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'ब्रिजिंग साइंस एंड सोसाइटी: बायोटेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल वन हेल्थ' का आयोजन किया। इस सम्मेलन में देश-विदेश से वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, पशुपालन विभाग के अधिकारियों तथा छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पशु जैव प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, पोषण तथा सतत विकास से संबंधित अपने शोध और अनुभव साझा किए।




हिसार। सम्मेलन में विचार रखते डॉ. सुखदेव राठी। फोटो : हरिभूमि

कार्यक्रम में वन हेल्थ की बढ़ती आवश्यकता को केंद्र में रखते हुए मानव–पशु–पर्यावरण स्वास्थ्य के आपसी संबंधों पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने बताया कि उभरते जूनोटिक रोगों, एंटीमाइक्रोबियल रेज़िस्टेंस और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों का समाधान केवल समन्वित और बहु-विषयक प्रयासों से ही संभव है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरियाणा के संयुक्त निदेशक डॉ. सुखदेव राठी ने कहा कि कई उभरते संक्रमण पशुओं से मनुष्यों में आसानी से फैल सकते हैं, इसलिए समय रहते निगरानी, डिजिटल रिकॉर्डिंग और विभागीय समन्वय अत्यंत आवश्यक है। डॉ. सुखदेव राठी ने कहा कि आज पशुधन क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, डिजिटल सिस्टम और वैज्ञानिक निगरानी को अपनाना सिर्फ विकल्प नहीं, बल्कि एक आवश्यकता है। जब तकनीक सीधे किसान तक पहुंचेगी, तभी उत्पादकता बढ़ेगी और आय में वास्तविक सुधार दिखाई देगा। पशुपालन विभाग में उनके सराहनीय योगदान को देखते हुए, लुवास ने डॉ. सुखदेव राठी को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया।

### किसान आय वृद्धि पर की चर्चा

सम्मेलन में किसान आय वृद्धि को भी प्रमुख विषय बनाया गया। विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि जैव-प्रौद्योगिकी आधारित समाधान, डिजिटल डेटा रिकॉर्डिंग, वैज्ञानिक पोषण, उन्नत प्रजनन तकनीकें और मूल्य-वर्धन आधारित डेयरी मॉडल किसानों के लिए स्थायी आय के नए मार्ग खोलते हैं। कार्यक्रम में यह विशेष रूप से रेखांकित किया गया कि यदि लुवास और पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरियाणा, मिलकर एकीकृत रणनीति के साथ कार्य करें, तो शोध, प्रशिक्षण, लैब क्षमता, फील्ड–स्तरीय अनुभव और नीति-निर्माण-इन सभी क्षेत्रों में मजबूत तालमेल बनेगा, जिसका सीधा लाभ किसानों को मिलेगा। निष्कर्ष रहा कि वन हेल्थ आधारित दृष्टिकोण, आधुनिक जैव-प्रौद्योगिकी और विभागीय आधुनिकीकरण को साथ लेकर चलना ही भविष्य में सतत पशुधन विकास और किसान समृद्धि की राह को मजबूत करेगा।




हमारे देश में सोना हमेशा से ही धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा है, लेकिन बदलते समय के साथ सोने में निवेश का तरीका भी बदल रहा है। अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरने की जरूरत नहीं, क्योंकि गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड ने निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोल दिया है।

## निवेश का नया ट्रेंड : स्मार्ट निवेशकों की पहली पसंद

# गोल्ड ईटीएफ व फंड का धमाल

- ▶▶ एक गोल्ड ईटीएफ यूनिट का मतलब एक ग्राम सोने का 10वां हिस्सा
- ▶▶ इन यूनिट्स को एनएसई और बीएसई जैसी स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीद या बेच सकेंगे
- ▶▶ सोना हमेशा से धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा, अब निवेश का तरीका भी बदल गया
- ▶▶ अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरना जरूरी नहीं
- ▶▶ गोल्ड ईटीएफ व फंड निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोला

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

हमारे देश में सोना हमेशा से ही धन और सुरक्षा का प्रतीक रहा है, लेकिन बदलते समय के साथ सोने में निवेश का तरीका भी बदल रहा है। अब सोने को घर में रखने, सुरक्षा की चिंता करने या मेकिंग चार्ज और जीएसटी भरने की जरूरत नहीं, क्योंकि गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड ने निवेशकों के लिए एक मॉडर्न, आसान और बिना झंझट वाला रास्ता खोल दिया है। कम खर्च, ऑनलाइन ट्रेडिंग की सुविधा और टैक्स के बड़े फायदे इन दोनों को आज के स्मार्ट निवेशकों के बीच सबसे लोकप्रिय विकल्प बना रहे हैं। जानकारों का कहना है कि भारत में सोना सिर्फ निवेश नहीं, बल्कि समृद्धि और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। पहले लोग ज्यादातर जेवर, सिक्के या सोने की ईंटें (बार) खरीदकर ही निवेश करते थे, क्योंकि यही आम तरीका था, लेकिन अब समय बदल गया है। आज ऐसे विकल्प मौजूद हैं, जिनमें न तो सोना घर पर रखने की जरूरत है और न ही सुरक्षा की चिंता रहती है। गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड दोनों विकल्प सोने में निवेश को आसान, सुरक्षित, और बिना झंझट वाला बना देते हैं। आप इन्हें शेयर की तरह ही मार्केट के खुले होने पर कभी भी खरीद-बेच सकते हैं।



### गोल्ड ईटीएफ में निवेश आसान

गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना बहुत आसान होता है। आप इन्हें मार्केट के समय के दौरान तुरंत खरीद या बेच सकते हैं। इन पर लगने वाला सालाना खर्च भी कम होता है, करीब लगभग 0.50%। यह उन लोगों के लिए बेहतर विकल्प है, जो सोने की कीमत में होने वाले उतार-चढ़ाव का फायदा लेना चाहते हैं, बिना इस चिंता के कि सोना घर पर कैसे रखें या उसकी सुरक्षा कैसे करें।

### क्यों बेहतर हैं गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड

ये सस्ते होते हैं, खरीदना-बेचना आसान है, चोरी या स्टोरेज की चिंता नहीं, फिजिकल गोल्ड के झंझट (मेकिंग चार्ज, जीएसटी, सेफ्टी) पूरी तरह खत्म रहता है। इसके अलावा, आपको सोने का वही पारंपरिक फायदा भी मिलता है, जैसे महंगाई से बचाव, समय के साथ सोने का मूल्य स्थिर रहता है, अगर आप सोने में एक मॉडर्न, सुरक्षित और बिना झंझट वाला तरीका चाहते हैं, तो गोल्ड ईटीएफ और गोल्ड फंड ऑफ फंड सबसे बेहतर विकल्प नजर आते हैं।

### क्या इनकी सबसे बड़ी खासियत

- मेकिंग चार्ज नहीं लगता
- स्टोरेज की कोई दिक्कत नहीं
- चोरी या सुरक्षा की चिंता नहीं
- असली सोने की तुलना में कम खर्चे
- अगर आप सोने में निवेश को सिंपल और एफिशिएंट रखना चाहते हैं, तो ईटीएफ और फंड ऑफ फंड बेहतरीन विकल्प हैं।

### एक गोल्ड ईटीएफ का क्या होता है मतलब

- एक गोल्ड ईटीएफ यूनिट का मतलब होता है एक ग्राम सोने का दसवां हिस्सा, जिसे बैंक के सुरक्षित वॉल्ट में रखा जाता है। आप इन यूनिट्स को एनएसईऔर बीएसई जैसी स्टॉक एक्सचेंजों पर खरीद या बेच सकते हैं।

### गोल्ड फंड ऑफ फंड

- अगर आपके पास डीमैट अकाउंट नहीं है, या आप चीजों को और भी आसान रखना चाहते हैं, तो गोल्ड फंड ऑफ फंड अच्छा विकल्प है। ये फंड ज्यादातर पैसा गोल्ड ईटीएफ में ही निवेश करते हैं। मतलब आपको सोने का फायदा मिलता है, पर कोई स्टोरेज या सिक्योरिटी की टेंशन नहीं रहती।

### कम पैसों से निवेश की सुविधा

- गोल्ड फंड्स में सिर्फ 500 रुपये प्रति महीना एसआईपी से निवेश शुरू कर सकते हैं। इनके खर्च (एक्सपेंस रेश्यो), ईटीएफ के मुकाबले कुछ ज्यादा होते हैं, कुल मिलाकर करीब 1%, क्योंकि इनमें ईटीएफ का खर्च भी शामिल होता है, लेकिन इसका फायदा यह है कि डीमैट की जरूरत नहीं होती।

## शेयर और प्रॉपर्टी से लेकर रिटायरमेंट तक

# बेहद कारगर है 7 फीसदी का रूल

- ❑ इस नियम से शेयर में नुकसान कम करने में मदद मिलती है
- ❑ रिटायरमेंट प्लानिंग और रियल एस्टेट इनवेस्टमेंट में भी करता है सहायता
- ❑ निवेश से पहले जान लें तरीका, आंख बंद करके फॉलो न करें कोई नियम

सुझाव

बिजनेस डेस्क

निवेश से जुड़े फैसले करना जितना आसान लगता है, उतना है नहीं। गलत फैसले कभी-कभी पूरी प्लानिंग बिगाड़ देते हैं। इसलिए कई पॉपुलर इनवेस्टमेंट रूल यानी निवेश के नियम इस्तेमाल किए जाते हैं, ताकि फैसले करना आसान हो सके। ऐसा ही एक नियम है "7% रूल" यानी 7% का नियम. यह एक ऐसा रूल है, जिसे शेयर बाजार ट्रेडिंग से लेकर रिटायरमेंट प्लानिंग और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट तक, इस्तेमाल किया जा सकता है, लेकिन ऐसे किसी भी नियम को सिर्फ एक इंडिकेटिव टूल की तरह लेना चाहिए, इन्हें आंख मूंदकर फॉलो करना ठीक नहीं होता।

### शेयर बाजार में सात प्रतिशत का रूल

ट्रेडिंग करते समय भावनाओं में बहकर फैसला करना सही नहीं होता। कई बार हमारे स्टॉक्स या निवेश की कीमत गिरती रहती है, लेकिन हम स्टॉप लॉस पर अमल करने की जगह रिकवरी की उम्मीद में इंतजार करते रह जाते हैं। इस चक्कर में कई बार बड़ा नुकसान हो जाता है। स्टॉक मार्केट इनवेस्टमें में 7% रूल का मतलब यह है कि आपने कोई शेयर जिस प्राइस पर खरीदा है, उससे 7% नीचे गिरने पर उसे बेच दें, यानी 7% का स्टॉप लॉस लगाएं, इससे आप अपनी पूंजी को आगे चलकर होने वाले बड़े नुकसान से बचा पाएंगे। यहां 7% की लिमिट इसलिए रखी गई है, क्योंकि आंकड़ों पर आधारित कई रिसर्च में यह पाया गया है कि बाजार में माहौल सामान्य हो, तो कोई शेयर 7-8% से ज्यादा गिरने का मतलब उस कंपनी में कोई गंभीर दिक्कत हो सकता है। यानी यह लेवल एक अलार्म की तरह काम करता है। इस नियम से ट्रेडिंग में डिसिप्लिन आता है और भावनाओं को कंट्रोल करके सही फैसला किया जा सकता है।



### स्टॉक मार्केट और शेयर की चाल देखकर करें फैसला

हालांकि हर शेयर एक जैसा नहीं होता। कुछ ज्यादा उतार-चढ़ाव वाले होते हैं। ऐसे में 7% की जगह कभी-कभी 8-10% की दूरी रखनी पड़ सकती है, जबकि स्टेबल ब्लू-चिप स्टॉक्स के लिए 7% काफी है। यानी रूल वही है, लेकिन उसका इस्तेमाल स्टॉक मार्केट और शेयर की चाल देखकर करना चाहिए।

### रिटायरमेंट प्लानिंग में 7% विड्रॉल रूल

रिटायरमेंट प्लानिंग करते समय एक बड़ा सवाल ये होता है कि रिटायरमेंट फंड में जमा पैसे कितने साल तक चल पाएंगे? इस सवाल का जवाब देने में भी 7% का रूल इस्तेमाल किया जाता है। यहां इस रूल का मतलब है कि आप अपनी कुल रिटायरमेंट सेविंग का 7% हिस्सा पहले साल में निकाल सकते हैं। यानी अगर आपके पास 1 करोड़ रुपये हैं, तो पहले साल 7 लाख रुपये निकाल सकते हैं। इसके बाद हर साल महंगाई के असर को देखते हुए थोड़ी बढ़ोतरी कर सकते हैं।

### रिटायरमेंट प्लानिंग में 7% विड्रॉल रूल कितना सही

हालांकि रिटायरमेंट प्लानिंग के मामले में 7% विड्रॉल का रूल बहुत एग्रेसिव माना जा सकता है। अगर कॉर्पस की बची रकम पर रिटर्न थोड़ा कम मिले या बाजार में गिरावट आ जाए तो इतना ज्यादा पैसा निकालना आपके फंड को जल्दी खत्म कर सकता है। खासकर अगर रिटायरमेंट के बाद लंबे समय तक उस फंड पर निर्भर रहना हो। आमतौर पर 4% विड्रॉल बेहतर और लॉन्ग टर्म के लिए ज्यादा सुरक्षित माना जाता है. यानी 7% रूल को आंख मूंदकर फॉलो करने की जगह निवेश पर मिल रहे रिटर्न और आगे की जरूरतों को ध्यान में रखकर फैसला करना चाहिए।

### प्रॉपर्टी सेलेक्शन में 7% रिटर्न का रूल

अगर आप किराये पर देने के लिए प्रॉपर्टी खरीदना चाहते हैं, तो इस रूल से तुरंत अंदाजा लग जाता है कि डील फायदेमंद है या नहीं। इसके अनुसार किसी भी प्रॉपर्टी से एक साल में मिलने वाली रेंटल इनकम प्रॉपर्टी की वैल्यू के कम से कम 7% के बराबर होनी चाहिए। यानी अगर किसी घर या दुकान की कीमत 1 करोड़ रुपये है, तो उससे एक साल में कम से कम 7 लाख रुपये किराया मिलना चाहिए। यह रूल प्रॉपर्टी खरीदते समय अच्छे ऑप्शन की पहचान करना आसान बनाता है।

### रूल से सिर्फ मदद लें, फैसला खुद करें

7% रूल शेयर बाजार, प्रॉपर्टी परचेज और रिटायरमेंट जैसे तीन बड़े आर्थिक फैसलों में आपकी मदद कर सकता है, लेकिन हर व्यक्ति की आर्थिक स्थिति, उम्र और जोखिम उठाने की क्षमता अलग-अलग होती है। इसके अलावा मार्केट कंडीशन्स और भविष्य की संभावनाओं पर आधारित आउटलुक भी बदलते रहते हैं, इसलिए इस रूल को समझकर, जरूरत के हिसाब से एडजस्ट करके चलें, निवेश के बारे में सही फैसला तभी ले पाएंगे, जब किसी नियम पर आंख बंद करके यकीन करने की जगह सभी पहलुओं पर विचार करके कदम उठाएंगे।

## लग्जरी लाइफ या ईएमआई का मकड़जाल

# किसी मुगालते में तो नहीं जी रहे आप

- ▶▶ अमीरी सिर्फ दिखावे की तो नहीं, ये रेड फ्लैग देखकर हो जाएं अलर्ट
- ▶▶ ईएमआई और बीपीएनएल की मदद से अमीरों जैसे दिखने का प्रयास ने करें
- ▶▶ इस तरह तो कर्ज में ही फंसे रहेंगे आप, नहीं मिलेगी कहीं भी राहत
- ▶▶ सैलरी ईएमआई, क्रेडिट कार्ड बिल और उधारी में खत्म होना ठीक नहीं



सतर्कता

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी सिर्फ दिखावे के लिए लग्जरी लाइफ जी रहे हैं और अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए लोन और कर्ज पर निर्भर हैं तो सावधान हो जाएं, आप कर्ज के मकड़जाल में फंसते जा रहे हैं। यह आपके जीवन को तबाह कर सकता है। मसलन दिखावे की अमीरी के लिए आप बैंक से लोन ले रहे हैं, बेहताशा क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर रहे हैं या फाइनेंसरों के जाल में फंस रहे हैं तो यह किसी भी नजरिये से ठीक नहीं हैं। सोशल मीडिया पर ट्रैवल फोटो, नई कार, ब्रांडेड फोन और फैशन देखकर लगता है कि बाकी सब लाइफ में मस्त हैं और आप पीछे रह गए हैं। इसके बाद शुरुआत होती है ईएमआई, क्रेडिट कार्ड और बीएनपीएल की दुनिया। यही मुगालता आपको कर्ज में फंसता है और इससे निकलना काफी मुश्किल हो जाता है। चूंकि व्यक्ति एक लोन चुकाने के लिए दूसरा लेता है, फिर तीसरा और एक दिन ऐसा आता है जब कर्ज उतारना ही मुश्किल हो जाता है और यह कर्ज का मकड़जाल व्यक्ति को आत्महत्या करने तक विवश कर देता है।

### फंसते जाएंगे कर्ज के दल-दल में

देखने में यह सब आसान लगता है, लेकिन धीरे-धीरे ये आदत कर्ज के दलदल की तरफ ले जाती है। अगर आप भी बिना सोचे-समझे ऐसी चीजें खरीद रहे हैं जो आपकी सैलरी अफोर्ड नहीं कर सकती, तो यकीन मानिए ये लाइफस्टाइल दिखने में ग्लैमरस है, लेकिन आपके फाइनेंशियल फ्यूचर के लिए बहुत खतरनाक।

### एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज लेना

ये बहुत बड़ा अलर्ट है। अगर आप क्रेडिट कार्ड का बिल दूसरे कार्ड से भर रहे हैं, पर्सनल लोन की किस्त बीएनपीएल से दे रहे हैं, दोस्तों से उधार लेकर मिनिमम ड्यू भर रहे हैं तो समझ लीजिए, आप कर्ज के चक्रव्यूह में फंस चुके हैं। समय रहते यदि इस कर्ज के चक्रव्यूह से नहीं निकले तो आपको भारी परेशानियों का समना करना पड़ सकता है। इसलिए पहले से ही सावधान हो जाएं और एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज न लें।

### ईएमआई में जा रहा सैलरी का 40% या उससे ज्यादा हिस्सा

अगर आपकी सैलरी 60,000 रुपये है, तो ईएमआई 24,000 रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। अगर आपकी रुपये इससे ज्यादा है, तो इसका मतलब है कि आपकी लाइफस्टाइल आपकी सैलरी से बड़ी है, और ये सीधा जोखिम है।

### आपके पास 3-6 माह के खर्च जितना इमरजेंसी फंड नहीं

असली अमीरी ब्रांड्स में नहीं, बल्कि इस बात में है कि अगर कल नौकरी चली जाए तो आप बिना उधार लिए जी सकें। अगर आपके पास 3 महीने का खर्च भी सेव नहीं है, तो आपकी 'अमीरी' सिर्फ दिखावा है। इसलिए दिखावे से पहले बचत की आदत डालें।

### सैलरी आते ही खत्म हो रही

अगर सैलरी आने से पहले ही तय हो चुका है कि वो ईएमआई, कार्ड और बिलों में चली जाएगी और आपके लिए कुछ नहीं बचेगा, तो ये साफ संकेत है कि आप पे-चेक टू पे-चेक में जी रहे हैं। इसका मतलब है कि आप पैसों को नहीं, पैसे आपको कंट्रोल कर रहे हैं। ऐसे हालात से भी आपका बचना बेहद जरूरी है।




समझदारी

बिजनेस डेस्क

# छोटे-छोटे निवेश करके भी तैयार कर सकते हैं बड़ा फंड

अगर आपकी आमदनी कम है और आप बचत करना चाहते हैं तो छोटा सा निवेश करके भी आसानी से 10 लाख रुपये तक का फंड जुटा सकते हैं, इससे आपको परेशानी भी नहीं होगी और आप अपनी जरूरत के हिसाब से फंड जुटा पाएंगे। इसके लिए आपको थोड़ा संयम बरताना होगा और वित्तीय योजना भी बनानी होगी। तभी आप अपने निवेश के मकसद में सफल हो पाएंगे। भविष्य में आने वाली मुश्किलों से बचने के लिए आर्थिक रूप से स्थिर होना बेहद आवश्यक है। कम सैलरी होने पर भी छोटे-छोटे निवेश करके एक बड़ा फंड बनाया जा सकता है। नियमित बचत से भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। आज के समय में बचत बेहद जरूरी है। जीवन में कभी भी वित्तीय परेशानी आ सकती है। इस वित्तीय परेशानी से आपको बचत ही बचा सकती है, लेकिन कम सैलरी में सेविंग करना मुश्किल है। बहुत से फ्रेशर्स या युवाओं को शुरुआती सैलरी 30 हजार के आसपास मिलती है। लेकिन युवा इस सैलरी में भी आसानी से अपने लिए दस लाख रुपये तक का फंड एकत्र कर सकते हैं। इस रिपोर्ट में हमने कैलकुलेशन के दौरान मासिक सैलरी 30 हजार मानी है। 30 हजार मासिक सैलरी में खर्चों के साथ सेविंग करना मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं।

तीस हजार की सैलरी में भी बना सकते हैं 10 लाख का फंड

■

थोड़ा संयम और सावधानी से करना होगा निवेश

■

नियमित बचत से आप अपना भविष्य कर सकते हैं सुरक्षित



### 50:30:20 फॉर्मूला अपनाएं

आप सैलरी मैनेज के लिए 50:30:20 फॉर्मूला का इस्तेमाल कर सकते हैं।

- **50 फीसदी-** सैलरी का 50 फीसदी पैसा जरूरी खर्चों के लिए इस्तेमाल करें। 30 हजार सैलरी में आप 15 हजार अपने जरूरी खर्चे जैसे बिजली का बिल, राशन, किराया इत्यादि के लिए कर सकते हैं।
- **30 फीसदी-** इसके साथ ही 30 फीसदी पैसा आप सेविंग के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। 30 हजार रुपये से 9000 हजार रुपये आप सेविंग के लिए उपयोग कर सकते हैं।
- **20 फीसदी-** बाकी का बचा 20 फीसदी पैसा आप अपने शौक या मनोरंजन के लिए उपयोग कर सकते हैं।
- 30 हजार में आप 6000 रुपये आप मूवी देखना, नए कपड़े लेना इत्यादि ऐसे कामों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

### 9000 रुपये से कैसे बनाए 10 लाख रुपये का फंड?

जैसे की हमने ऊपर देखा कि आप 30 हजार सैलरी से आसानी से 9000 रुपये बचा सकते हैं। लेकिन आप 9000 रुपये पूरे म्यूचुअल फंड में निवेश न करें। आप इनमें से 5000 रुपये म्यूचुअल फंड और बाकी के 4000 रुपये आरडी या अन्य सुरक्षित स्कीम में निवेश करें। इससे आपका पोर्टफोलियो बैलेंस बनता है।

### म्यूचुअल फंड

- म्यूचुअल फंड में करें 5000 रुपये निवेश
- अगर आप 8 साल के लिए हर महीने 5000 रुपये निवेश करते हैं, तो 12 फीसदी रिटर्न के हिसाब से आपको 8,08,000 रुपये मिल जाएंगे। आपका केवल मूलधन ही 4,80,000 रुपये होगा।

### आरडी में करें 4000 रुपये



इसी तरह आप एसबीआई की आरडी में 6 साल के लिए हर महीने 4000 रुपये निवेश कर सकते हैं। 7.5 फीसदी रिटर्न के हिसाब से आपको मैच्योरिटी पर 3,64,580 रुपये मिल जाएंगे। इस तरह से आप 8 साल में ही 10 लाख रुपये का फंड आसानी से बना सकते हैं।

जानकारी

बिजनेस डेस्क

# क्रेडिट स्कोर को बढ़ाने के 5 आसान और असरदार तरीके

अगर आप भी अपना सिबिल स्कोर सुधारना चाहते हैं तो कुछ तरीकों को अपनाना होगा। तभी आप इसे दुरूस्त कर सकते हैं। सिबिल स्कोर आपकी वित्तीय जिम्मेदारी का आईना होता है। इसे बढ़ाने के लिए बिल समय पर चुकाएं, क्रेडिट का कम इस्तेमाल करें, बार-बार लोन न लें, अलग-अलग प्रकार के क्रेडिट रखें और रिपोर्ट नियमित चेक करें। इन आसान आदतों से आपका स्कोर मजबूत होगा और लोन आसानी से मिलेगा। क्या आप जानते हैं कि आपका सिबिल स्कोर आपके पैसे की जिम्मेदारी दिखाता है? यह सिर्फ नंबर नहीं, बल्कि आपकी वित्तीय आदतों का आईना है। एक अच्छा स्कोर होने से आप लोन या क्रेडिट कार्ड आसानी से पा सकते हैं और कम ब्याज दर का फायदा उठा सकते हैं। आइए उन आसान तरीकों के बारे में जानते हैं कि कैसे आप अपना सिबिल स्कोर बढ़ा सकते हैं और अपने वित्तीय भविष्य को मजबूत बना सकते हैं। सबसे जरूरी है कि आप अपने सभी बिल (ईएमआई , क्रेडिट कार्ड) समय पर चुकाएं। देर से पेमेंट करने से आपका स्कोर गिर सकता है। इसके लिए आप रिमाइंडर सेट कर सकते हैं या ऑटो-पे ऑप्शन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### क्रेडिट का कम इस्तेमाल करें

अपने क्रेडिट कार्ड की पूरी लिमिट इस्तेमाल करना सही नहीं है। कोशिश करें कि आप अपनी लिमिट का केवल 30% ही इस्तेमाल करें। इससे बैंक और लोन देने वाले यह समझेंगे कि आप पैसे जिम्मेदारी से खर्च करते हैं।

### बार-बार लोन के लिए न करें आवेदन

जब आप बार-बार नया लोन या क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करते हैं, तो यह आपके स्कोर पर असर डाल सकता है। इसलिए जरूरत पड़ने पर ही आवेदन करें और ज्यादा बार आवेदन न करें।

### अलग-अलग प्रकार के क्रेडिट रखे

एक अच्छा क्रेडिट प्रोफाइल बनाने के लिए सिक्योर्ड लोन (जैसे होम लोन, कार लोन) और अनसिक्योर्ड लोन (जैसे पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड) दोनों होना चाहिए। यह दिखाता है कि आप अलग-अलग तरह के लोन को संभाल सकते हैं।

### क्रेडिट रिपोर्ट समय-समय करें चेक

अपनी क्रेडिट रिपोर्ट को हर कुछ महीनों में देखें। अगर कोई गलती या डुप्लिकेट अकाउंट हो तो तुरंत सुधार कराएं। सही जानकारी होने से आपका स्कोर सुरक्षित रहता है।

### क्या है क्रेडिट स्कोर

क्रेडिट स्कोर एक संख्या होती है जो आपकी क्रेडिट योग्यता को दर्शाती है। यह संख्या आपके पिछले क्रेडिट व्यवहार, जैसे कि लाने-देने की समय परता, क्रेडिट कार्ड का उपयोग, लाने-देने की मात्रा, और अन्य कारकों पर आधारित होती है। क्रेडिट स्कोर की रेंजभारत में क्रेडिट स्कोर की रेंज आमतौर पर 300 से 900 तक होती है। ज्यादा स्कोर अच्छा माना जाता है।

- ♦ **750 से ऊपर**: अच्छा क्रेडिट स्कोर (लाने-देने की अच्छी संभावना)
- ♦ **700-749**: औसत से अच्छा
- ♦ **600-699**: औसत
- ♦ **600 से नीचे**: खराब क्रेडिट स्कोर (लाने-देने में दिक्कत)

### क्रेडिट स्कोर को प्रभावित करने वाले कारक

1. पेमेंट हिस्ट्री (35%): समय पर बिल और ईएमआई का भुगतान।
2. क्रेडिट यूटिलाइजेशन (30%): क्रेडिट कार्ड की सीमा का कितना उपयोग किया।
3. क्रेडिट हिस्ट्री की लंबाई (15%): क्रेडिट खाते कितने पुराने हैं।
4. क्रेडिट मिक्स (10%): विभिन्न प्रकार के क्रेडिट (कार लाने, होम लाने, क्रेडिट कार्ड)।
5. नए क्रेडिट एप्लिकेशन (10%): बार-बार लाने के लिए आवेदन करना।

### क्रेडिट स्कोर क्यों महत्वपूर्ण है?

- **लाने-देने की मंजूरी**: अच्छा स्कोर होने पर लाने आसानी से मिलते हैं।
- **कम ब्याज दर**: अच्छा स्कोर होने पर ब्याज दर कम मिलती है।
- **क्रेडिट कार्ड ऑफर**: अच्छे स्कोर पर बेहतर क्रेडिट कार्ड मिलते हैं।

### रखें ध्यान

- क्रेडिट कार्ड की सीमा का 30% से कम उपयोग करें।
- अनावश्यक क्रेडिट कार्ड बंद करें।
- बार-बार लाने के लिए आवेदन न करें।
- क्रेडिट रिपोर्ट में गलतियां होने पर सुधार करें।

**खबर संक्षेप**

## घर में घुसकर मारपीट करने के आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने घर में घुसकर गाली-गलौच एवं मारपीट करने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मलकित सिंह पुत्र ज्ञान सिंह तथा परविन्द्र उर्फ पिंडू पुत्र रमेश सिंह निवासी रामपुरा ढाणी, भिरड़ाना के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 20 नवंबर को गुरदेव सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी रामपुरा ढाणी ने शिकायत दी थी कि कुछ नामजद व्यक्तियों से कहासुनी होने के बाद वे उसके घर में घुस आए और गाली-गलौच तथा मारपीट की। इस शिकायत पर थाना सदर फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी।

## बाइक चोरी मामले में दूसरा आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान लखविंद्र सिंह उर्फ गंजू पुत्र हरबंस उर्फ बंसी, निवासी मांडवी, तहसील मुनक, जिला संगरूर, पंजाब के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि 17 अक्टूबर को शिकायतकर्ता राममेहर पुत्र राजकुमार, निवासी कमाल वाला, हाल कृष्णा कॉलोनी, टोहाना ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 14 अक्टूबर को सुबह लगभग 11 बजे वह और उसका दोस्त अपनी मोटरसाइकिल हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस घर के बाहर गली में खड़ी कर मंदिर में माथा टेकने गए थे। बाद में बाइक गायब मिली।

## झलनिया में पुलिया तोड़ने पर केस दर्ज

**फतेहाबाद।** गांव झलनिया में मिकाडा विभाग की सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने विभाग के एसडीओ की शिकायत पर पब्लिक प्रॉपर्टी प्रिवेंशन ऑफ डैमेज एक्ट की धारा 3 के तहत केस दर्ज किया है। यह केस अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुआ है, मगर एसडीओ ने अपनी शिकायत में आरोपी का नाम भी लिखा है। पुलिस को दी शिकायत में मिकाडा विभाग की फतेहाबाद सब डिवीजन वन के एसडीओ सुरिंद्र कुमार ने बताया है कि मोगा नंबर 18800 आर मोहब्बतपुर डिस्ट्रीब्यूटरी के खाले पर गांव झलनिया में पुर्ननिर्माण का कार्य चल रहा है।

## कलाकारों ने किया गीता संदेश का मंचन

**सिरसा।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव कुरूक्षेत्र में कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा के तत्वावधान में जेसीडी रंगशाला के विद्यार्थियों और केएल थियेटर प्रोडक्शंस के कलाकारों ने नाटक गीता संदेश का मंचन किया, जिसका निर्देशन जेसीडी रंगशाला एवं केएल थियेटर प्रोडक्शंस के निदेशक कर्ण लढा ने किया। कर्ण लढा के निर्देशन में कलाकारों ने नाटक गीता संदेश के माध्यम से सभी दर्शकों को मंत्रमुध कर भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गीता ज्ञान को आम जन को बड़ी ही सरलता से समझाया।

## न्यास ने सीडीएलयू को भेंट की पुस्तकें

**सिरसा।** डॉ. महिपाल अग्रवाल स्मृति न्यास द्वारा 1890-2014 तक की मूल्यवान साहित्यिक एवं शोध-संबंधी पुस्तकों का एक संग्रह हाल ही में विवेकानंद पुस्तकालय, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा को भेंट किया गया है। यह पुस्तक-दर्शन न केवल विश्वविद्यालय के शैक्षणिक समुदाय के लिए ज्ञान-संपदा में वृद्धि का अवसर है, बल्कि साहित्य, भाषा एवं शोध की सतत प्रवाहमान परंपरा को समृद्ध करने का एक सार्थक प्रयास भी है। विश्वविद्यालय समुदाय की ओर से कुलपति प्रो. विजय कुमार, कुलसचिव डॉ सुनील कुमार, शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. एस.के. गहलावत, डॉ. राकेश कुमार तथा अन्य शिक्षक सदस्यों ने भी इस पुस्तक-दान को सराहनीय और प्रेरक पहल बताया। उनके अनुसार, यह योगदान विवि में अध्ययन-संसाधनों को सुदृढ़ करेगा।

## नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं युवा : भवानी सिंह

# हिजरावां कलां पहुंची 'एक यात्रा नशे के खिलाफ' घर-घर जाकर जाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

**महाशक्ति चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी बोले-नशा बेचने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा युवा पीढ़ी को नशे से दूर करने और अपने घर, गांव और जिले को नशामुक्त बनाने के अभियान के तहत निकाली जा रही 'एक यात्रा नशे के खिलाफ' अपने दूसरे चरण में शनिवार को गांव हिजरावां कलां पहुंची। ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह के नेतृत्व में गांव में पहुंची ट्रस्ट की टीम का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। टीम के सदस्यों ने गांव के प्रत्येक घर में दस्तक देकर उन्हें नशे से होने वाले नुकसानों के बारे में जानकारी दी वहीं अगर उनके परिवार में कोई नशा करता है तो उसका नशा छुड़वाने के लिए किए जा रहे प्रयासों बारे बताया। भवानी सिंह ने साथ ही गांव में नशे फैला रहे लोगों को भी चेतावनी दी कि वह इस अवैध धंधे को छोड़ दें अन्यथा ट्रस्ट ऐसे लोगों का पता लगाकर उन्हें सलाखों के पीछे भिजवाने का काम करेगा।

ग्रामीणों से बातचीत करते हुए भवानी सिंह ने उन्हें नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। इस दौरान उन्हें नशे के शारीरिक, मानसिक और पारिवारिक दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया।



**फतेहाबाद।** गांव हिजरावां कलां में 'एक यात्रा नशे के खिलाफ' के दौरान ग्रामीणों को जागरूक करते भवानी सिंह।

युवाओं से ऊर्जा को सही दिशा में लगाने की अपील की गई। भवानी सिंह ने कहा कि यह यात्रा जिले के प्रत्येक गांव और प्रत्येक घर में पहुंचकर 'मेरा परिवार-नशामुक्त परिवार' अभियान को सार्थक करने के प्रयासों में जुटी है। ट्रस्ट का लक्ष्य है कि जिले से नशे जैसी सामाजिक बुराई को पूरी तरह खत्म किया जाए। पुलिस प्रशासन के सहयोग से जहां नशा तस्करों की धरपकड़ की जा रही है वहीं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से नशा से ग्रसित युवाओं को काउंसलिंग व उन्हें दवाएं देकर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है।


**सिरसा।** नशे से पीड़ित युवकों की काउंसलिंग करवाकर उन्हें अस्पताल से दवाई दिलवाते सिरसा पुलिस।

### पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने विद्यार्थियों से किया संवाद

**कालांवाली।** पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने कहा कि नशे के कारण बहुत सी समस्याएं पैदा होती हैं जिसमें सबसे पहले हैं स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं, जिसमें व्यक्ति अंदर से खोखला होने लगता है और व्यक्ति अपनी धन संपत्ति को नशे में उड़ाने लगता है और पैसा खत्म होने के बाद वह चोरी लूट जैसी वारदातों को अंजाम देना शुरू कर देता है । उन्होंने बताया कि उक्त समस्याओं से बचने का एक ही उपाय है कि आप नशे से दूर रहें तथा जिस व्यक्ति को नशे की लत लग चुकी है वह योग व्यायाम करें और अपने मन को इतना मजबूत बनाएं कि वह अपने आप को नशे से दूर रख सके। एसपी निकिता खट्टर शनिवार को कालांवाली में एसबीएस कॉलेज में आयोजित नशा मुक्त कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर अपराधों व महिला सुरक्षा से जुड़े सवालों के जवाब देते हुए उन्हें साइबर सुरक्षा बारे जानकारी दी गई । उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा जन जागरूकता अभियानों के तहत नशे, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, सडक सुरक्षा का संदेश दे रही है।


**कालांवाली।** नशा मुक्ति कार्यक्रम में मौजूद एसपी निकिता खट्टर व अन्य।

### ड्रग पीड़ितों की काउंसलिंग करवाई

**सिरसा।** पुलिस नशे से पीड़ित युवाओं का स्थानीय प्रशासन के सहयोग से काउंसलिंग करवाकर समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए हर संभव प्रयास कर भी कर रही है। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि इसी कड़ी के तहत शनिवार को सिविल लाइन थाना के अंतर्गत आने वाली हुडा पुलिस चौकी इंचार्ज ने नशे से पीड़ित चतरगढ़पट्टी निवासी चार युवकों को चिन्हित कर उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए स्थानीय प्रशासन के सहयोग से नागरिक अस्पताल सिरसा में उनकी काउंसलिंग करवाकर उन्हें दवाई दिलवाई गई तथा नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि कहा सिरसा पुलिस द्वारा युद्ध स्तर पर नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम से अनेक युवा प्रभावित होकर नशा छोडने के लिए आगे आ रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नशे से पीड़ित व्यक्ति निसंकोच होकर पुलिस प्रशासन से मदद की गुहार लगा सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन नशा पीड़ितों का इलाज करवाकर समाज की मुख्य धारा लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने आमजन से अपील कि है की यदि आपके आसपास कोई व्यक्ति नशे से पीड़ित है और अपनी इच्छा से छोडना चाहता है, तो ऐसे लोगों की सूचना पुलिस प्रशासन को दें ताकि समय रहते उनका इलाज करवाया जा सके।

# केवल बाहरी की प्रगति ही नहीं, मन बुद्धि को भी स्वस्थ बनाओ : स्वामी दिव्यानंद

- श्री रघुनाथ मंदिर में श्री शिव पुराण कथा यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

श्री रघुनाथ मंदिर फतेहाबाद में आयोजित श्री शिव पुराण कथा यज्ञ का समापन करते हुए डॉ. स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि जीवन बड़ा महत्वपूर्ण है, इसे व्यर्थ में बर्बाद न करो। अंतर बाहर दोनों को पवित्र रखो। केवल बाहर की प्रगति ही नहीं मन बुद्धि को भी स्वस्थ बनाओ। पूजा पाठ के साथ-साथ मन बुद्धि को भी पढ़ो, केवल सुविधाएं ही नहीं सद्गुण भी चाहिए। दूध तो वही है, इसमें नींबू डाल दो तो यह फट जाएगा। इसमें क्षोभ बना रहेगा और यदि थोड़ा दही डालकर इसकी दही बनाकर मंथन करके घी निकाल लोगे तो दीपक जलाकर सारा घर प्रकाश से भर सकोगे। उन्होंने कहा कि विवेकी बुद्धि से जीवन में प्रकाश होता है। शिव के ज्योतिर्मय स्वरूप के प्रकट होने का यही अर्थ है। जीवन बाहर से भले ही सक्रिय हो किंतु भीतर से शांत होना चाहिए। आज इस अवसर पर भगवान महादेव के ज्योतिर्मय स्वरूपों का विधि पूर्वक पूजन हुआ। मुख्य यजमान कैलाश बतरा-बिंदु बतरा ने परिवार सहित पूजन किया। शिव भक्त अयांश चौधरीशिव तांडव स्त्रोत का पाठ किया गया।


**फतेहाबाद।** रघुनाथ मंदिर में शिव पूजन करते मुख्य यजमान।

### 'नो नशा नेशन' : डीएवी पुलिस स्कूल में 100 कुण्डीय दिव्य यज्ञ आज

**फतेहाबाद।** डीएवी के प्रधान एवं आर्य रत्न पूनम सूरी तथा आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के प्रेरणादायी नेतृत्व में 'नो नशा नेशन' अभियान के अंतर्गत आज 7 दिसंबर रविवार को प्रातः 11 बजे पुलिस लाइन स्थित गीन पार्क में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल फतेहाबाद द्वारा भव्य 100 कुण्डीय दिव्य यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए स्कूल प्राचार्या अमिता सिंह ने बताया कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को नशे के खिलाफ एकजुट करने का व्यापक सामाजिक संदेश है। यज्ञ के साथ-साथ विद्यार्थियों की सहभागिता इस कार्यक्रम की विशेष आकर्षण होगी।

# एसबीआई ने धांगड़ पाठशाला में सीएसआर के तहत दी पांच लाख की वित्तीय सहायता

- अधिकारियों ने बैंक द्वारा शुरू की योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भारतीय स्टेट बैंक की मेन ब्रांच, अनाज मण्डी, फतेहाबाद ने अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी यानि सीएसआर एक्टिविटी के तहत गांव धांगड़ स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला को 5 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इस अवसर पर पाठशाला में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया फतेहाबाद के चीफ मैनेजर तरूण मिढ़ा ने बतौर मुख्यअतिथि भाग लिया और बैंक की योजनाओं और किए जा रहे सामाजिक कार्यों बारे जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर बैंकिंग सुविधाएं देने के साथ-साथ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अपने सामाजिक दायित्व का भी निर्वाह कर रहे हैं। समय-समय पर सीएसआर के तहत सामाजिक कार्यों में योगदान दिया जाता है।



**फतेहाबाद।** धांगड़ प्राथमिक पाठशाला में बैंक अधिकारियों को सम्मानित करते स्कूल स्टाफ सदस्य।


**सिरसा।** पत्रकारों से बात करते हुए डॉ. अंजनी अग्रवाल।

### संजीवनी अस्पताल में कैंसर विभाग का शुभारंभ

**सिरसा।** संजीवनी हॉस्पिटल में कैंसर विभाग का भव्य शुभारंभ किया गया। अस्पताल के एमडी डॉ. अंजनी अग्रवाल के नेतृत्व में इस नए विभाग के शुरू होने से क्षेत्र के कैंसर पीड़ितों को उच्च-स्तरीय उपचार की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेगी। कैंसर विभाग का कार्यभार डॉक्टर निशांत कंबोज ने संभाल लिया है। डॉ. कंबोज कैंसर उपचार के क्षेत्र में एक जाना-माना नाम हैं और उनके पास इस विशेषज्ञता में वर्षों का अनुभव है। कैंसर इलाज में कीमो थेरेपी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। हॉस्पिटल प्रबंधन ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में यह विभाग कैंसर रोगियों की सेवा में एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। यह विशेष कार्यक्रम स्वर्गीय विश्वनाथ जिंदगर की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया। डॉ. अंजनी अग्रवाल, डॉ. भावना अग्रवाल, रमेश जिंदगर, दिनेश जिंदगर व अन्य मौजूद रहे।

# भिरड़ाना में भारत विकास परिषद ने दंत जांच शिविर लगाया, सौ बच्चों की जांच

- विद्यार्थियों को ओरल हेल्थ के प्रति जागरूक कर डेंटल किट एवं स्टेशनरी किट वितरित की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भारत विकास परिषद राघव शाखा की ओर से राजकीय विद्यालय भिरड़ाना में दंत रोग जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रवण ने करीब सौ विद्यार्थियों के दांतों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। शिविर के दौरान बच्चों को दांतों की साफ-सफाई, नियमित ब्रश करने के सही तरीके, मीठे पदार्थों के अधिक सेवन से होने वाले नुकसान और समय-समय पर दंत जांच की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. श्रवण ने बच्चों को दांतों से जुड़ी आम समस्याओं की पहचान कर जरूरी सावधानियों के साथ आगे उपचार की सलाह भी दी। भारत विकास परिषद राघव शाखा की ओर से जांच के उपरांत सभी विद्यार्थियों को डेंटल किट एवं स्टेशनरी किट वितरित की गईं। शाखा अध्यक्ष अमित रुखाया ने डॉप्त श्रवण वर्मा और स्कूल प्रबंधन का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन दीपक फुटेला रहे। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यवाहक इंचार्ज दिवाकर सहित स्कूल स्टाफ से कंवलजीत व अन्य मौजूद रहे।



**फतेहाबाद।** भिरड़ाना में बच्चों के दांतों की जांच करते विशेषज्ञ।

### बनगांव में कानूनी साक्षरता अभियान के तहत

**फतेहाबाद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बनगांव में कानूनी साक्षरता अभियान के तहत लीगल लिटरेसी सर्विसेज, फतेहाबाद द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में दो ट्रेनिंग जज जैस्मिन बाजवा और तन्वी गर्ग के अलावा पैनल एडवोकेट कमलेश वशिष्ठ पहुंची। गणित प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र कुमार गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय की लीगल लिटरेसी इंचार्ज एवं राजनीति विज्ञान प्राध्यापिका विजय कुमारी ने कार्यक्रम का प्रभावी समन्वय किया। अंग्रेजी प्राध्यापक एवं लीगल लिटरेसी सचिव विनीत कुमार ने मंच संचालन किया। ट्रेनिंग जज जैस्मिन बाजवा, तन्वी गर्ग और एडवोकेट कमलेश वशिष्ट ने विद्यार्थियों को सरल एवं स्पष्ट भाषा में बताया कि न्याय सभी के लिए समान रूप से उपलब्ध है, चाहे उनकी आर्थिक पृष्ठभूमि कैसी भी हो। उन्होंने


**फतेहाबाद।** बनगांव में अतिथियों का स्वागत करते प्रधानाचार्य।

## शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल में आयोजन, अभिभावक भी पहुंचे

# साइंस फेस्ट में सौ से अधिक मॉडल बने आकर्षण का केंद्र

**फेस्ट के दौरान निबंध लेखन, और रंगोली जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल में शनिवार को साइंस फेस्ट 2025 प्रज्ञान और अभिभावक-अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया। कक्षा 6 से 12वीं तक की छात्राओं ने साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स संकाय से जुड़े 104 से अधिक मॉडल प्रदर्शित किए। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता सार्ड़ मुख्य अतिथि रहीं, जबकि स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. शीला पूनिया ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा तैयार किए गए दो रोबोट के मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। 7वीं कक्षा का छोटा रोबोट सवाल पूछने पर जवाब देता था। 12वीं नॉन-मेडिकल का बड़ा रोबोट चलता था और आगे अवरोध आते ही रुक जाता था। दोनों को मोबाइल से ऑपरेट किया गया। रोबोट के साथ छात्र-छात्राएं सेल्फी लेने को उत्साहित दिखे। साइंस फेस्ट प्रज्ञान 2025 में प्रतिस्पर्धा कड़ी रही। कक्षा 11 की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत डिजास्टर मैनेजमेंट पर आधारित खान सुरक्षा मॉडल ने सभी को प्रभावित करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं हेल्थ केयर ब्रिजिंग इनोवेशन और इंडस्ट्री हेल्थ केयर मॉडल, जिसमें 11वीं और 12वीं नॉन-मेडिकल की छात्राएं शामिल थीं, द्वितीय स्थान पर रहे। तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से दो मॉडलों मैथ मटेरियल रीमॉडलिंग और एनर्जी पावर को मिला। छठी से आठवीं कक्षा के मॉडल्स में भी पूरी बाजी 8वीं कक्षा ने मारी। आयुर्वेद पर बना मॉडल प्रथम, फूड वेस्ट मैनेजमेंट द्वितीय और ए.आई. रिवॉल्यूशन इन मॉडर्न वर्ल्ड तृतीय स्थान पर रहा। साइंस फेस्ट के दौरान निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग और रंगोली जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। 6वीं से 8वीं कक्षा तक रंगोली में यशिका और रूहानी, निबंध लेखन में 8वीं की शैरीन और पोस्टर मेकिंग में 7वीं की महक वर्मा विजेता रहीं।


**सिरसा।** विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों का निरीक्षण करते अतिथि।

### प्रैक्टिकल लर्निंग सबसे अहम

जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता सार्ड़ ने कहा कि बच्चों के आइडिया व नवाचार काबिल-ए-तारीफ हैं। उन्होंने कहा कि साइंस एग्जीबिशन कई स्कूल लगाते हैं, लेकिन प्रज्ञान 2025 की खासियत यह है कि इसमें कॉमर्स और आर्ट्स संकाय को भी शामिल किया गया। उन्होंने छात्राओं को आगामी परीक्षाओं पर फोकस करने की भी सलाह दी। डॉ. शीला पूनिया ने कहा कि थ्योरी के मुकाबले प्रैक्टिकल लर्निंग का प्रभाव ज्यादा होता है। इनोवेटिव आइडियाज किताबों में नहीं, बल्कि बच्चों के दिमाग में होते हैं। उन्होंने भविष्य में स्किल एग्जीबिशन आयोजित करने की घोषणा भी की।

## कंप्यूटर साइंस का पांच दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम संपन्न

**सिरसा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) डिंग, सिरसा में विभिन्न समूहों में चल रहे पीजीटी कंप्यूटर साइंस एवं टीजीटी साइंस शिक्षकों हेतु पांच दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण में सिरसा जिले के विभिन्न खंडों से आए हुए पीजीटी कंप्यूटर साइंस एवं टीजीटी साइंस ने भाग लिया। प्रवक्ता चंद्र प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों की विषयगत दक्षता का विकास, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का उपयोग, तकनीकी कौशल को बढ़ावा देना तथा कक्षा शिक्षण में नवाचार को प्रोत्साहित करेगा, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं रोचक शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी।

## खबर संक्षेप



### छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया

**हिसार।** पुलिस की नशा मुक्ति जागरूक टीम, महिला समर्पित टीम एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम की ओर से अग्रोहा स्थित बरवाला रोड पर रेडियन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्रों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया गया। टीम ने विद्यालय में उपस्थित विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, पढ़ाई एवं खेलों पर ध्यान केंद्रित करने तथा नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए नशा विरोधी शपथ दिलाई। इसके पश्चात टीम द्वारा ग्राम कुल्लेरी स्थित श्री कृष्ण गिरी गौशाला में चल रही कथा में पहुंचे ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं को भी नशे के नुकसान, पारिवारिक विघटन, स्वास्थ्य पर बुरे प्रभाव तथा समाज में बढ़ते अपराधों से संबंधी जानकारी दी गई।

### जेजेपी के स्थापना दिवस पर निकालेंगे रैली

**हिसार।** जननायक जनता पार्टी के स्थापना दिवस समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए हिसार विधानसभा ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। हिसार हलका अध्यक्ष विपिन गोयल ने बताया कि इस बार जुलाना में होने वाले स्थापना दिवस कार्यक्रम में हिसार विधानसभा से हज़ारों की संख्या में लोग एकजुट होकर पहुंचेंगे और जेजेपी की ताकत का प्रदर्शन करेंगे।

## लघु सचिवालय परिसर में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने किया नमन

# संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि



डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने उपरांत उपस्थित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लघु सचिवालय प्रांगण में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान हिसार के विभिन्न सामाजिक संगठनों संत शिरोमणि गुरु रविदास महासभा, डाक्टर बीआर अंबेडकर महासभा, गौतम बुद्धा सोसायटी, वीर वाल्मीकि समाज संघ, बैकवर्ड क्लास एसोसिएशन के प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं एसपी चालिया, रघुबीर सुंडा, राजकुमार मुवाल, बजरंग इंदल ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने न केवल भारत को एक सशक्त संविधान दिया, बल्कि समाज के शोषित और वंचित वर्गों को समानता का अधिकार दिलाकर उन्हें मुख्यधारा में लाने का ऐतिहासिक कार्य किया। रघुबीर सुंडा व एडवोकेट बजरंग इंदल ने कहा कि बाबा साहेब के शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के मूल मंत्र को आज हर व्यक्ति को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है।

## बाबा साहेब के सपनों का भारत बचाना हर कांग्रेस कार्यकर्ता का संकल्प : बृजलाल बहबलपुरिया

**हिसार।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने की। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। कार्यक्रम में बाबा साहेब के सामाजिक न्याय, समानता एवं संवैधानिक मूल्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने समाज के सबसे वंचित, शोषित और पीड़ति वर्ग को आवाज़ देने वाला संविधान बनाया, जिसमें हर नागरिक को बराबरी, स्वतंत्रता और न्याय की गारंटी दी गई है। ग्रामीण अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया ने किया आज के समय में संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर निरंतर हमला हो रहा है। बाबा साहेब का संविधान हर नागरिक के अधिकारों की गारंटी है, और इसकी रक्षा करना हमारा नैतिक व राजनीतिक कर्तव्य है। उन्होंने आगे कहा कि जो ताकतें संविधान की मूल आत्मा, आरक्षण व्यवस्था और लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं कि वे सीधे-सीधे बाबा साहेब की विरासत पर हमला कर रही हैं। आज देश को बाबा साहेब के विचारों, भाईचारे और समानता की सख्त आवश्यकता है। हमें समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज़ बनना है और किसी भी कीमत पर संविधान से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं करनी है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुभाष गोयल, पूर्व मंत्री अंतर सिंह सैनी, एआईसीसी सदस्य राजेश कुमार संदलाना, पूर्व टैक्स ट्रिब्यूनल सदस्य हरपाल सिंह बूरा, अनिल मान, पीसीसी सदस्य भूपेन्द्र सिंह गंगवा, पीसीसी सदस्य दिलबाग सिंह ढांडा, वज़ीर सिंह पूनिया, हरियाणा किसान यूनियन प्रदेश अध्यक्ष दिलबाग सिंह हुड्डा, अनूप सिंह सरसाना, अश्विनी शर्मा, मनोज बूरा घिराय, महिला प्रदेश उपाध्यक्ष कमल सहरावत, महिला प्रदेश महासचिव डा. साक्षी चौधरी, प्रदेश सचिव एससी सुखबीर नागर, इत्यादि सैकड़ों साथी उपस्थित रहे।



**हिसार।** कार्यक्रम को संबोधित करते जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया। फोटो : हरिभूमि

## कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल की सृष्टि ने पहला स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उकलाना मंडी

कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 12 की छात्रा श्रृष्टि ने ब्लॉक स्तर पर आयोजित कानूनी साक्षरता कविता वाचन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता गवर्नमेंट मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उकलाना मंडी में हुई, जिसमें 15 से अधिक विद्यालयों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के दौरान श्रृष्टि ने नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित प्रभावशाली कविता प्रस्तुत की, जिसकी अभिव्यक्ति, भाव और विषय की समझ ने निर्णायक मण्डल व दर्शकों पर विशेष प्रभाव छोड़ा। विद्यालय की निदेशक अधिवक्ता काजल धायल ने श्रृष्टि को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, प्रतिभा और सामाजिक विषयों के प्रति संवेदनशीलता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों को ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करता रहेगा।



छात्रा सृष्टि।

विद्यालय के प्राचार्य जयप्रकाश पांडेय ने भी श्रृष्टि को बधाई देते हुए कहा कि उनका प्रदर्शन विद्यालय की मूल्य आधारित शिक्षा और समर्पित शिक्षण पद्धति का परिचायक है। उन्होंने विश्वास जताया कि श्रृष्टि भविष्य में भी विद्यालय व समाज का गौरव बढ़ाती रहेंगी।

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने चलाया बाल विवाह के विरुद्ध अभियान

**नारनौंद।** पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए नारनौंद थाना प्रभारी सदानंद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने राजकीय गर्ल्स स्कूल नारनौंद में बाल विवाह के द्रुष्परिणामों पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके स्कूली छात्रों को जागरूक कर बाल विवाह ना करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बताया गया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बच्चों के मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास पर गंभीर प्रभाव डालता है। छात्राओं को पॉक्सो एक्ट, चाइल्ड मैरिज प्रिवेंशन एक्ट तथा बाल संरक्षण कानूनों की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। इंस्पेक्टर सदानंद ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि समाज में बाल विवाह की प्रथा को समाप्त करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसी क्रम में छात्राओं को बाल विवाह न करने ओर ना होने देने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई।



### सेठ मेघराज जिंदल कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन

**सिवानी मंडी।** शहर के सेठ मेघराज जिंदल राजकीय महाविद्यालय में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी स्टाफ सदस्यों व कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मोमबत्ती जलाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मीडिया प्रभारी महीपाल सिंह ने बताया कि शनिवार को महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर भूप सिंह गौड ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन पर विस्तार से व्याख्यान दिया और बाबा साहब के भारतीय संविधान निर्माण में दिए गए उनके ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि अगर हमें तरक्की करनी है तो हमें जाति, धर्म, भाषा क्षेत्र जैसी संकीर्णताओं से ऊपर उठना होगा। किसी भी भारतीय नागरिक के लिए राष्ट्र ही प्रथम और अंतिम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर चाहते थे कि ज्ञान आधारित समाज की रचना होनी चाहिए और यह संकल्प दोहराया गया है कि उनके दिखाएं मार्ग पर चलते हुए सबको न्यायपूर्ण क्षमता मूलक और प्रगतिशील समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ अन्स सदस्य मौजूद थे।

## आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी अपनाएं : गंगवा

- 'भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

हरियाणा के लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने शनिवार को बरवाला के किसान रेस्ट हाउस में आयोजित महिला एवं युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए देशवासियों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने के लिए स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का पुरजोर आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों का उपयोग करके भारतीय उद्यमियों और कारीगरों का समर्थन करना एक मजबूत और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान होगा।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने 'भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री ने एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा के महत्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश में इस प्रकार की व्यवस्था लागू होने से राष्ट्रीय संसाधनों की भारी बचत होगी और बार-बार होने वाले चुनावों के कारण होने वाली फिजूलखर्ची पर अंकुश लगेगा। यह निर्णय प्रशासनिक दक्षता को भी बढ़ाएगा और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा।

## गीता भारतीय सनातन परम्परा का अनमोल ग्रंथ : स्वामी अमिता भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरिद्वार से आये महामंडलेश्वर स्वामी अमिता भारती ने कहा है कि श्रीमद् भगवद्गीता भारतीय सनातन परम्परा का अनमोल ग्रंथ है। भवसागर के अथाह अज्ञान रुपी जल से पार जाने के लिये यह प्रकाश स्तम्भ है। गीता भगवान श्रीकृष्ण का गीत है। स्वामी अमिता शनिवार को आध्यात्मिक गीता-ज्ञान प्रचारिणी सभा के तत्वाधान में रामपुरा मौहल्ला स्थित गीता भवन में मनाए जा रहे 76वें गीता जयंती महोत्सव के सातवें दिन भजन-सत्संग कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि अर्जुन को लक्ष्य करके दिया गया यह उपदेश जीव मात्र के कल्याण हेतु समर्थ है। गीता की यात्रा विषाद से प्रसाद की ओर है। महोत्सव में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वक्ता राम निरमोही व अंतर्राष्ट्रीय मानस व्यास पं. पतंजलि पाण्डेय रामायणी ने कहा कि वर्तमान समय में तनाव की व्यापकता मनुष्य को कमजोर बना रही है। स्वकेंद्रित जीवन शैली ने मानव को स्वार्थ पूर्ण कर दिया है। सम्पन्नता ही विकास का मापदंड बन गई है। ऐसे में गीता कहती है कि कर्म करो सावधानी से और फल भोगो प्रसन्नता से। जो प्राप्त है वही पर्याप्त है। कुल मिलाकर गीता हमें टेंशन फ्री लाईफ जीना सिखाती है। त्रिभुवन बक्शी ने उपदेश के साथ भजनों की वर्षा करके समां बांध दिया।



हिसार : गीता भवन से प्रवचन देते स्वामी अमिता भारती व उपस्थित श्रद्धालु।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में 21 कुंडीय हवन आज

**हिसार।** कैमरी रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल की ओर से 7 दिसंबर को अमरदीप कॉलोनी पार्क में 21 कुंडीय हवन आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम पद्मश्री पूनम सूरी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा। उनके पुत्र एवं आर्य युवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी द्वारा चलाए गए अभियान नो नशा नेशन कार्यक्रम के तहत यह हवन किया जाएगा। योगी सूरी ने सम्पूर्ण भारत को नशा मुक्त बनाने का बीड़ा उठाया है। इसी श्रृंखला में कैमरी रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल की ओर से अमरदीप कॉलोनी में यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसमें कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा मुख्य अतिथि होंगे। विद्यालय के उपाध्यक्ष नरेंद्र पाल मिगलानी, विशिष्ट अतिथि के रुप में इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

### जहरमुक्त थाली सहकारी उपभोक्ता मंच का समारोह आज

**हिसार।** जहरमुक्त थाली सहकारी उपभोक्ता मंच का वार्षिक समारोह सात दिसंबर को सुबह 10 बजे गुर्जर धर्मशाला, राजगढ़ रोड में किया जाएगा। यह पहली बार है कि कृषि उत्पादकों का आर्थिक संरक्षण और उपभोक्ताओं का खाद्य संरक्षण एक ही मंच पर होगा। किसानों को वाजिब दाम मिले, उपभोक्ता को संतुलित आहार मिले, बेरोजगारों को काम मिले, पर्यावरण अनुकुलित विकास हो और सह अस्तित्व की भावनाएं मजबूत हो, इस लक्ष्य पर आधारित अवधारणा को साकार करने की पहल जिला हिसार में की गई है। इसमें हिसार और आसपास के किसान, कीटाचार्य, कृषि वैज्ञानिक, उपभोक्ता और शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे। यह आयोजन एक दूसरे की जरूरतों को समझने और सहयोग करने के लिए किया जा रहा है। इसमें सहकारी तालमेल केन्द्र की स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर सेवानिवृत मंडल आयुक्त अशोक कुमार गर्ग मुख्य अतिथि होंगे। समारोह की अध्यक्षता डॉ. सतीश कुमार कालड़ा, सचिव वानप्रस्थ डिग्निटी ट्रस्ट हिसार व अनिता शर्मा, अध्यक्षा हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति हिसार, संयुक्त रुप से करेंगे। व्याख्यान का विषय संतुलित एवं पौष्टिक आहार रखा गया है जिसमें वक्ता डायटीश्यिन डॉ. समता खटकड़ होंगी। समारोह के दौरान किसानों द्वारा जहरमुक्त कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी एवं स्टाल लगाए जाएंगे। उपभोक्ताओं द्वारा किसानों के सप्लाई किये कृषि उत्पादों के अनुभव सांझा किए जाएंगे ताकि उत्पादों को और बेहतरीन व स्वादिष्ट बनाया जा सके।

## 'स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार व तकनीक' पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

विश्व जैव चिकित्सा इंजीनियरिंग दिवस के उपलक्ष्य में, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एलाइड हेल्थ साइंसेज विभाग की ओर से 'स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार और तकनीक' थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित किए गए वर्किंग मॉडल रहे, जिनमें सीटी स्कैन मशीन, एमआरआई मशीन, ईसीजी मशीन, संचार प्रणाली, उत्सर्जन प्रणाली और डायथर्मी मशीन जैसे उन्नत चिकित्सा उपकरणों और जैविक प्रणालियों के मॉडल शामिल थे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस उत्कृष्ट आयोजन के लिए सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। विभागाध्यक्ष प्रो. नीरज दिलबागी के प्रेरणादायक उद्बोधन से कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजीनियर अंजू गुप्ता ने की। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. मंजीत, डॉ. विकास व डॉ. रोहित ने संयुक्त रूप से किया।



**हिसार।** प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित करते विभागाध्यक्ष प्रो. नीरज दिलबागी। फोटो : हरिभूमि

### छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूक

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की छात्राओं ने गंगवा गांव में मिनी वूमेन फेयर का आयोजन किया। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। महाविद्यालय की डॉ. किरण सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलें लगाई गई।

## कृष्ण ने कंस का वध कर मथुरा को आतंक से मुक्त किया: गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अग्रोहा धाम में श्री मद् भागवत कथा का समापन के अगले दिन हवन-पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग मुख्य अतिथि रहे।

बजरंग गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि भागवत कथा के अनुसार कंस का अंत करने के लिए भगवान श्री कृष्ण मथुरा पहुंचे थे। भगवान श्री कृष्ण जी ने कंस का वध करके मथुरा में आंतक से मुक्त किया था।



**हिसार।** बजरंग गर्ग आरती करते हुए।

## पुलिस अधीक्षक ने किया शहर थाना व पुलिस लाइन का किया औचक निरीक्षण

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने शनिवार को शहर थाना व पुलिस लाइन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाने का रिकॉर्ड, मालखाना, आपराधिक रिकॉर्ड के निरीक्षण के साथ साइबर डेस्क व महिला डेस्क की जांच की। उन्होंने थाने के मुंशी कक्ष और शस्त्रागार में रखे असलहे की जांच की। कंप्यूटर रूम के साथ वायरलेस कक्ष की भी व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रबंधक को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि थाने में आने वाली शिकायतों का इंद्राज कर उन पर कार्रवाई सुनिश्चित करे। सभी अपनी ड्यूटी जिम्मेवारी से निभाएं। पुलिस थाने में आने वाले शिकायतकर्ता से सहयोग और सम्मान पूर्वक व्यवहार कर उनकी बातों को ध्यान से सुन, शिकायत का समयावधि में निदान करे। अदालत से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने व अन्य मामले में शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करे। अपराध नियंत्रण के लिए थाना क्षेत्र में पुलिस गश्त के फेरो में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना में अंकित अभियोगों की स्थिति के बारे में बारी बारी पड़ताल की। थाने में लंबित अभियोगों के निष्पादन को लेकर अनुसंधानकर्ताओं को निर्देशित करते कहा कि सभी लंबित अभियोगों का समय सीमा के अंदर निदान करे और अनुसंधानकर्ता के साथ थाना प्रबंधक भी घटना स्थल पर जाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## ज्ञापन देकर उठाई मांगे, कार्रवाई न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

# गंगवा के आवास पर आंगनबाड़ी महिलाओं का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

आंगनवाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स ने लंबे समय से लंबित मांगों एवं समस्याओं के समाधान के लिए शनिवार को शहर में प्रदर्शन किया। सभी आंगनवाड़ी महिलाएं लघु सचिवालय से पैदल मार्च करते हुए कैमरी रोड स्थित कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा के आवास तक पहुंची और वहां पर नारेबाजी करते हुए उन्हें मांगपत्र सौंपा। वर्कर्स ने सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

प्रदर्शन के दौरान हिसार ब्लॉक कर्मचारी नेता सुमन ने कहा कि देशभर में आंगनवाड़ी वर्कर्स आईसीडीएस योजना की रीढ़ हैं, लेकिन वे आज सबसे अधिक समस्याओं से जूझ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकारों ने वर्कर्स पर काम का बोझ बढ़ा दिया है, जबकि वेतन और सुविधाओं में कोई सुधार नहीं किया गया। यूनियन ने बताया कि 6 से 8 दिसंबर तक अखिल भारतीय आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स फेडरेशन के आह्वान पर पूरे देश में तीन दिवसीय प्रदर्शन चल रहा है। यह आंदोलन सरकार की नीतियों के खिलाफ एकजुटता दिखाने और वर्कर्स की आवाज बुलंद करने के लिए आयोजित किया गया है।

वर्कर्स ने दुर्घटना में मृत या घायल कर्मचारियों को मुआवजा देने, स्कूल-कॉलेजों में कार्यरत मिनी वर्कर्स व हेल्पर्स को ग्रेड देने, पोषण ट्रैकर ऐप और डिजिटल माध्यमों से लाभों में की जा रही कटौती बंद करने, ऑनलाइन कार्य के नाम पर उत्पीड़न खत्म करने और श्रमिक विरोधी चारों लेबर कोड वापस लेने की मांग भी उठाई। वर्कर्स बोले कि पोषण ट्रैकर ऐप उनके काम को कठिन बना रहा है। और इसका असर लाभार्थियों पर भी पड़ रहा है। कई बार तकनीकी दिक्कतों के कारण काम प्रभावित होता है, लेकिन अधिकारियों की ओर से इसे पूरा करने का दबाव बनाया जाता है। यूनियन ने सरकार से बातचीत कर समाधान निकालने की अपील की।




**हिसार।** प्रदर्शन करती आंगनवाड़ी महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### वर्करों ने ये रखी 10 प्रमुख मांगें

मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में वर्कर्स ने 10 प्रमुख मांगें रखीं। इनमें न्यूनतम वेतन 26,000 रुपए लागू करना, आंगनवाड़ी वर्कर को तीसरे और हेल्पर को चौथे दर्जे का कर्मचारी घोषित करना, रिटायरमेंट के बाद 12 हजार रुपए पेंशन देना, सामाजिक सुरक्षा लाभ देना और पदोन्नति में वरिष्ठता लागू करना शामिल है।

स्थापित - 1936
सर्वेसन्तु निरामया :
डॉ. बनारसी दास शर्मा हस्पताल
3 पीढ़ियों से आपकी सेवा में
आयुर्वेद चिकित्सा-श्रेष्ठ चिकित्सा
चर्म रोग




एग्जीमा, Fungal, Acne, Alcpocia, Urticaria आदि सभी प्रकार के चर्म रोगों के विशुद्ध आयुर्वेदिक उपचार के लिए सम्पर्क करें।



डॉ. साकेत शर्मा, आयुर्वेदाचार्य
मोहल्ला सैनियान, हिसार | मो. 98960-04939